प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 10.04.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट 2026–ग्राम अगले महीने 23 से 25 तारीख तक आयोजित की जायेगी। आज जयपुर में मीट का कर्टेनरजर कार्यक्रम रखा गया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ये एग्रीटेक मीट सरकार और किसानों के बीच विश्वास बनाये रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। उन्होंने कहा कि इससे गांव में रह रहे किसानों को खेती की आधुनिक तकनीक की जानकारी मिलेगी। श्री शर्मा ने किसानों से कृषि के वैज्ञानिक तरीके अपनाने का आह्वान किया।

......

मुख्यमंत्री ने इस दौरान मीट का लोगो, ब्रोशर और आधिकारिक वेबसाईट लॉन्च की। आज मीट के लिए ऑरियेन्टेशन वर्कशॉप भी रखी गई है। कार्यक्रम में कृषि मंत्री किरोडीलाल मीणा, और पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत सहित विभिन्न मंत्री और आला अधिकारी भाग ले रहे है।

00000

जनगणना 2027 के पहले चरण में अब तक 5 लाख 72 हजार से अधिक परिवारों ने स्व–गणना सुविधा का लाभ उठाया है। भारत के महापंजीयक ने कहा कि यह जनगणना के लिए डिजिटल पहल में बढ़ती जनभागीदारी को दर्शाता है। जनगणना का पहला चरण पहली अप्रैल को शुरू हुआ था। स्व–गणना सुविधा 15 अप्रैल तक जारी रहेगी। यह सुविधा फिलहाल ग्यारह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जारी है। राजस्थान में स्वगणना की प्रकिया 1 मई से 15 मई के बीच की जायेगी। साथ ही 16 मई से 14 जून तक मकानों का सूचीकरण किया जायेगा।

00000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्यसभा के पूर्व उपसभापति हरिवंश को राज्यसभा सदस्य के रूप में मनोनीत किया है। श्री हरिवंश का कार्यकाल कल समाप्त हो गया। पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई के राज्यसभा से सेवानिवृत्त होने के बाद श्री हरिवंश को मनोनीत किया गया है। गृह मंत्रालय ने आज इस संबंध में अधिसूचना जारी की।

00000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सोलहवीं राज्य विधान सभा में विभिन्न समितियों में सदस्यों और सभापतियों का मनोनयन किया है। ये मनोनयन वर्ष 2026–27 के लिए किया गया है। इनमें नियम समिति, प्रश्न और संदर्भ समिति, महिलाओं तथा बालकों और पिछड़े वर्ग के कल्याण संबंधी समिति, गृह तथा स्थानीय निकायों और पंचायतीराज संस्थाओं संबंधी समिति सहित विभिन्न समितियां शामिल है। श्री देवनानी ने विश्वास व्यक्त किया कि ये सभी समितियाँ शासन के कार्यों की प्रभावी समीक्षा करते हुए जनहित, पारदर्शिता और जवाबदेही को और मजबूत करेंगी।

0000

पाली में सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत नगर निगम की टीम विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण कर कार्रवाई कर रही है। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करने वाले प्रतिष्ठानों से जुर्माना वसूला जा रहा है। नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज ने लोगो से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद कर स्वच्छ और स्वस्थ शहर बनाने में योगदान की अपील की है।

00000

भरतपुर में आज पन्नाधाय सुरक्षा और सम्मान केन्द्र की ओर से सरकारी गर्ल्स कॉलेज में करियर काउंसलिंग कार्यशाला रखी गई। कार्यशाला में जेंडर संवेदनशीलता पर चर्चा के माध्यम से समाज में समानता और जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला गया। छात्राओं को करियर काउंसलिंग के साथ–साथ सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

00000

चंपारण सत्याग्रह की आज 107वीं वर्षगांठ है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में देश के स्वतंत्रता संग्राम का यह एक महत्वपूर्ण मोड़ था। 1917 में इसी दिन बिहार के चंपारण जिले में नील किसानों की शिकायतों को दूर करने के लिए आंदोलन शुरू किया गया था, जिन्हें ब्रिटिश बागान मालिकों द्वारा दमनकारी तिनकठिया प्रणाली के तहत नील की खेती करने के लिए मजबूर किया गया था। यह देश में महात्मा गांधी का सत्याग्रह का पहला प्रयोग भी था।

00000

दूरदर्शन ने नई दिल्ली में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद–आईसीसीआर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने बताया कि इस साझेदारी का उद्देश्य आईसीसीआर द्वारा उपलब्ध कराई गई सांस्कृतिक सामग्री की व्यापक पहुंच बढाना है। इसके लिए प्रसार भारती के व्यापक टेलीविजन, रेडियो और डिजिटल नेटवर्क का लाभ लिया जायेगा। इस समझौते के तहत, आईसीसीआर सांस्कृतिक सामग्री और प्रदर्शन उपलब्ध कराएगा, जबकि दूरदर्शन टेलीविजन चैनलों, रेडियो नेटवर्क, ओटीटी प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया सहित विभिन्न प्लेटफार्मों पर उनका प्रसारण करेगा। यह समझौता तीन साल की अवधि के लिए लागू रहेगा।

00000